श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : माननीय सभापति जी, मैं इस विधेयक का हार्दिक स्वागत करता हूं। मैं इस विचार का हूं कि इस तरह का विधेयक बहुत पहले आना चाहिए था। खैर कोई बात नहीं, देर-आयद-दुरुस्त-आयद। अगर कोई अच्छा काम विलम्ब से प्रारम्भ किया जाय, मैं फिर भी उसका स्वागत करूंगा। आजादी के बाद हमारे नेताओं ने, कर्णधारों ने, अपने देश में किस तरह की शासन व्यवस्था होनी चाहिए, इस पर विचार किया और एक राय से देश में प्रजातान्त्रिक प्रणाली अपनाई। जब देश में लोकतन्त्र की, प्रजातन्त्र की, स्थापना हुई तो इसका मतलब यह है कि सभी लोगों को, सभी वर्गों को पूरी तरह से आजादी दी गई। हर आदमी को अपने विचार व्यक्त करने, हर आदमी को प्रदर्शन करने, हड़ताल करने और अपनी राय को प्रकट करने का अधिकार भारतीय संविधान में दिया गया। लेकिन इस अधिकार का कुछ लोगों ने दुरुपयोग किया और आज भी किया जा रहा है। वे लोग कौन हैं, किस तरह के लोग हैं जो इस अधिकार का दुरुपयोग करते हैं—इसका एक साक्षात प्रमाण आज हरियाणा, पंजाब और असम में देखने को मिलता है। वैसे मैं इस बात का विरोधी नहीं हूं कि जलसे न किए जायें, आन्दोलन न किए जायें, हड़ताल न की जाए या किसी यूनियन या संगठन को अपनी बात कहने का अधिकार न हो। उनको यह अधिकार होरा चाहिए, लेकिन वैधानिक तरीके से। क्या हम किसी पुल को उड़ा कर, रेलगाड़ी को आग लगा कर, बसों को जला कर, सरकारी इमारतों को बरबाद करके ही अपनी राय जाहिर कर सकते हैं, अपनी इच्छा या अपनी मांग मनवा सकते हैं ? ऐसी बात नहीं है। अगर किसी भी पार्टी की या किसी भी संगठन की कोई जायज मांग है तो सरकार उस पर सहानुभूति और गम्भीरता से विचार करती है और उसको मानती भी है। इसीलिए मैंने कहा है कि यह बिल जो आज लाया गया है, बहुत पहले आना चाहिए था। अगर यह बिल पहले आ जाता तो मैं समझता हूं आज तक जो जो अरबों और खरबों रुपए की सम्पत्ति नष्ट की जा चुकी है, आन्दोलनों के द्वारा या दूसरे तरीकों से, विध्वंसक तरीकों से, शायद वह बरबाद न हो पाती और राष्ट्र का नुकसान न होता।

मेरे बहुत से विद्वान साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं, लोक सम्पत्ति को उन्होंने अपनी तरह से डिफाइन किया है, लेकिन जहां तक मैं समझता हूं—लोक-सम्पत्ति का मतलब है—सरकारी सम्पत्ति सरकारी सम्पत्ति का मतलब है—जनता की सम्पत्ति, जनता की सम्पत्ति का मतलब है—हमारी अपनी सम्पत्ति।

हम सरकारी सम्पत्ति का कोई नुकसान करते हैं, उसको जलाते हैं या तोड़-फोड़ करते हैं, तो इस तरह से अपना ही नुकसान करते हैं, जोकि मैं समझता हूं कि नहीं करना चाहिए। इसके लिए

आदमी को बहुत ही ब्रौड-माइन्डेड होना चाहिए और उसके दिल में देश के प्रति मुहब्बत और देश-प्रेम की भावना होनी चाहिए।

यह देखने में आया है कि आज देश में सरकारी सम्पत्ति को नष्ट करने की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है और इसको रोकना और इसको लगाम देना बहुत ही अनिवार्य है। अभी बहुत से मित्रों ने पंजाब हरियाणा और आसाम की मिसालें दी हैं। यह बात सही है कि पंजाब और हरियाणा में जहां एक ओर जानें गई हैं, वहां सरकारी सम्पत्ति का भी बहुत नुकसान हुआ है। कहीं आग लगाई जा रही है, कहीं बम छोड़े जा रहे हैं और कहीं सम्पत्ति को नष्ट किया जा रहा है। इस तरह की चीजें जो की जाती हैं, वे अपराधियों और जो असामाजिक तत्व घुस आए हैं उनके द्वारा की जाती हैं। कोई पार्टी आन्दोलन करती है या अपनी मांगें रखने के लिए कोई रैली करती है, तो उसमें अक्सर ऐसा होता है, मेरा यह लांक्षन नहीं है और मैं किसी पालीटिकल पार्टी या मजदूर यूनियनों के जो संगठन होते हैं, उनको कोई दोष नहीं देना चाहता, कि जो अपराधी तत्व होते हैं, जो पेशेवर अपराधी होते हैं, वे पेशेवर अपराधी और असामाजिक तत्व उन जलसों में आन्दोलनों में प्रवेश कर जाते हैं और फिर तोड़-फोड़ करते हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि जो निर्दोष लोग हैं, उन पर भी इसका आरोप आ जाता है और इस तरह से लोक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचता है। जब लोक सम्पत्ति, जोकि राष्ट्र की सम्पत्ति है, उसका नुकसान होगा, उसको नष्ट किया जाएगा, तो वह एक तरह से जनता का ही नुकसान होता है नतीजा यह होता है कि जिस सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचता है, तो उसको पुनः बनवाना पड़ताहै। ओवरा का पावर हाऊस जो जल गया था, उसको दोबारा बनवाया जा रहा है और उसमें करोड़ों रुपया लग रहा है। सार्वजनिक संपत्ति जो नष्ट होगी, तो उसको दोबारा बनवाना होगा और उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए लोगों पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर लगाए जाएंगे। इस तरह से जनता पर जो टैक्स लगेंगे, उनसे उसकी क्षति-पूर्ति की जाएगी। वैसे भी हम यह देखते हैं कि विभिन्न करों के रूप में सरकार जो पैसा जमा करती है, वह देश के निर्माण कार्यों में काम में आता है और ऐसे कामों में उसको लगाया जाता हैं, जोकि सरकारी होते हैं। किसी सरकारी चीज को नुकसान पहुंचेगा, या तोड़-फोड़ की जाएगी, तो उसकी क्षति-पूर्ति के लिए सरकार को नये-नये टैक्स लगाने पड़ेंगें। सरकार के पास कोई मशीन तो है नहीं या कोई ऐसा पेड़ नहीं है, जिस पर रुपये लगते हों, जिनसे उसकी क्षति-पूर्ति की जा सके। इसलिए स्वाभाविक है कि जनता से पैसा लिया जाएगा और उस काम को पूरा किया जाएगा क्योंकि सरकार का कोई काम रुकने वाला तो नहीं है।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि माननीय मन्त्री जी ने जो विधेयक पेश किया है, उसमें जो सजा का प्रावधान है, वह बहुत कम है क्योंकि कभी-कभी ऐसा होता है कि अरबों और करोड़ों रुपये का नुकसान हो जाता है और यह नहीं सोचा जाता कि आखिर इसका अनजाम क्या निकलेगा। इसीलिए कड़ी-से-कड़ी सजा की व्यवस्था होनी चाहिए। मैं इसमें विश्वास नहीं करता कि इसके लिए किसी को गोली मार दी जाए। गोली मारने का

]श्री चन्द्र पाल शैलानी]

मतलब किसी की जान लेने से है। जान लेने से पहले यह पता लगाना पड़ेगा कि इसका अपराध क्या है, इसका जुर्म क्या हैं और अगर जुर्म साबित हो जाता है, तो कोर्ट में उसके लिए मुकदमा चलना चाहिए। सजा देने का मतलब यह नहीं हैं कि उसको गोली मार दी जाए। उसको कड़ी सजा दी जाए लेकिन इसमें जो 6 महीने और 2 वर्ष की सजा का प्रावधान है, मैं इसका विरोध करता हूं और मैं मन्त्री जी से माँग करता हूं कि इसमें अधिक से अधिक और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

इन शब्दों को कह कर मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस विधेयक का सही माइनों में पालन किया जाएगा, तो मेरा विश्वास है कि इससे राष्ट्रीयता की भावना लोगों में बढ़ेगी और हमारे लोकतंत्र और राष्ट्री एकता को बल मिलेगा। हमारे विरोधी दलों के लोगों को यह डर है कि इसका दुरुपयोग होगा। वे निश्चिन्त रहें। इससे उनको कोई नुकसान होने वाला नहीं है। अगर कोई नुकसान होगा, तो उसका होगा, जिसकी कारगुजारी हस तरह की होगी। बहरहाल हमारा मंशा किसी विरोधी दल के नेता, यूनियन के लीडर, मजदूर नेता को दंडित करने का नहीं है।

इस बिल का उद्देश्य यह है कि राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत हो और राष्ट्रीय सम्पत्ति को लोग नुकसान न पहुंचाएं।

इन शब्दों के साथ मैं पुन: इस बिल का समर्थन करते हुए मन्त्री जी को धन्यवाद देता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि आपने इस बिल पर मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री विजय कुमार यादव (नालन्दा) : सभापति महोदय, मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

श्री चन्द्रपाल शैलानी : कम्युनिस्ट हैं इसलिए ?

श्री विजय कुमार यादव : कम्युनिस्ट हूं इसलिए नहीं बल्कि इसलिए कि इसमें जिन बातों की चर्चा की गई है और जो उद्देश्य बताए गए हैं उससे सरकार की राजनीतिक मंशा स्पष्ट हो जाती है।

राष्ट्रीय संपत्ति के साथ चाहे कोई भी खिलवाड़ करता हो, कोई भी व्यक्ति हो, उसको माफ नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन आपने अपने उद्देश्यों में बताया है "बन्द एवं अन्य आन्दोलनों के दौरान सरकारी संपत्तियों को क्षतिग्रस्त होने से रोकना।" इस सिलसिले में एक तो अपना उदाहरण पेश करूंगा और एक हमारे माननीय सदस्य हैं, उनके साथ जो घटना हुई, उसकी चर्चा करूंगा।

मैं यह जानना चाहता हूं कि जब भी देश के अन्दर राजनीतिक उथल-पुथल शुरू होती है और कांग्रेस को खास तौर से सत्ता का भय होने लगता हैं तो इस तरह के कानून पेश करके सही दिशा में जाने वाले उन आन्दोलनों का दमन करने के उद्देश्य से इस तरह के कानून लाने का सिलसिला रहा है। 1965 में सभापति जी मुझे डीoआईoआरo में गिरफ्तार किया गया। इल्जाम यह लगाया गया कि मैं किसी पोल को तोड़ने की कोशिश कर रहा था और टेलीफोन का तार काट रहा था।

श्री एन० के० शेजवलकर : यह तो सबमें लिख देते हैं ।

Just for the information of the hon. Members. Mr. Trivedi, who was a member here, he was lame and he was charged with trying to take out the wires from the telephone pole.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : At a height of 40'.

SHRI N. K. SHEJWALKAR : And at the age of 65 foot.

सभापति जी, दूसरा उदाहरण पेश करता हूं श्री भोगेन्द्र झा जी हमारे माननीय सदस्य हैं जो एक पुराने स्वतन्त्रा सैनानी हैं। गाजियाबाद में मजदूरों का आन्दोलन हो रहा था। वहां वे गए। पुलिस ने जानबूझ कर अपनी जीप को डैमेज कर दिया और वहां के लोगों पर मुकदमा चलाया।

आज जब देश के अन्दर आर्थिक संकट है, सामाजिक संकट हैं, महंगाई बढ़ रही है तो उत्तरदायित्व का सवाल सरकार के सामने आता है। सभापति जी आपको मालूम होगा कि जब कभी भी मिल या फैक्ट्री के अन्दर जब मजदूरों की मांगें पूरी नही होती हैं ओर जब उनका आन्दोलन शुरू होता है तो मिल मालिक उस आन्दोको दबाने के लिए सरकारी मशीनरी को अपनी तरफ लाने के लिए मकानों में आग लगवा देता है। इंस्टालेशन को आग लगवा देता है। कहीं-कहीं एंटी सोशल एलीमेंटस के द्वारा पुलिस पर अटैक कराता हैं। उनके सामानों की तोड़-फोड़ करवाता है जिससे कि मजदूरों का आन्दोलन बदनाम हो और सरकार को दमन करने का मौका मिल जाए। इस तरह से कानून पहले भी बनाए गए हैं और जब कभी भी विरोधी पार्टी ने इसका विरोध किया तो ला एण्ड आर्डर की बात कही गई। 1980 के बाद कई बार इनका विरोध किया जा चुका है और हर बार सरकार की ओर से यह कहा गया कि इसका पोलीटिकल इस्तेमाल नहीं होगा। विरोधी पार्टी के दमन के रूप में इस कानून को नहीं लाया जाएगा।

लेकिन व्यवहार में खुद यहां के माननीय सदस्य श्री ए० के० राय गवाह हैं उनके खिलाफ उस कानून का इस्तेमाल किया गया, पूरे देश के खिलाफ इस्तेमाल किया गया इमरजेंसी के दौरान। इसजिए जिस एजेन्सी के जिम्मे इस कानून का इमप्लामेंटेशन सौंप रहे हैं, जिस तरह उससे आप काम लेते हैं और जो आपका स्टैण्डर्ड है और जिस तरह से आपकी पापुलैरिटी में गिरावट होती जा रही है, देश के अन्दर जो गहरा आर्थिक संकट हो रहा है, समस्याओं का समाधान आप नहीं कर पा रहे हैं एसी स्थिति में निश्चित तौर पर इस कानून का गलत इस्तेमाल होगा, और किसान, मजदूर, विद्यार्थी, जनता और पीड़ित और शोषित लोग जब अपनी आवाय उठायेंगे, आप उनकी सही बातों की उपेक्षा करेंगे, और उनका दमन करने के लिए आप इस कानून का इस्तेसाल निश्चित करेंगे। क्योंकि इसके पीछे आपकी मंशा गलत है और इसका इजहार भी होता है। इसलिए मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं। जहां तक टैक्नीकल सवाल हैं उन पर हमारे और साथियों ने कहा है। मेरा विरोथ करने का सबसे बड़ा आधार यही है जो मैंने बताया।

इन शब्दों के साथ मैं इसका विरोध करता हूं।

SHRI G. NARSIMHA REDDY (Adilabad) : Mr. Chairman, Sir, I rise to support this Bill for the simple reason that from the days of our Independence, we have been seeing it. Our Hon. Minister who has introduced this Bill is very much experienced; he was in the public life and was a Member of Parliament from the very beginning. We have seen various types of *bandhs* and and so on. In any type of agitation or *bandh*, the first target is the public properties like the buses, railways etc. I am sure any hon. Member in this House or outside will have no objection to this Bill.

One of the hon. Member, I think, Mr. Parulekar, a very respected and very qualified advocate, has tried to mislead the House and the people here.

MR. CHAIRMAN : He is qualified.

SHRI G. NARSIMHA REDDY : He is qualified in doing that, I am saying that he is capable of doing it. I shall point out what he is doing. He had read from the explanatory note of the Bill. I shall read only three sentences from para 3. It is said therein:

> "The public property, broadly, the buses, railways, telephones, government buildings etc, are the main target of attack during riots, bandh or other agitation and, to curb such acts, it was considered necessary to undertake minimum legislation".

Here he is telling us that the object of the Government is to use legislation to curb the bandh and the agitation. If I have understood him wrongly, he may correct me. I would like to say that this is so simple. I am not a lawyer; nor am I a Ph.D. I know simple English. It is so clear here. During the agitation or during bandh or other agitations the main target of attack is on the public property. The word used here is 'to curb such act'. The act is 'destruction of the public property during bandh'. It is not curbing the bandh as such. It is the act done by the people during a *bandh* or during an agitation, I would like to know one thing from hon. Members opposite. Do you want the people who are engaged in agitations and bandhs to destroy public property ? You please tell us.

MR. CHAIRMAN : Mr. Reddy; as you know, in some States, the Governments themselves declare bandhs.

SHRI G. NARSIMHA REDDY : Sir, I take this opportunity to request the Hon. Minister to use his experience and see whether this legislation is sfficient at all to curb destruction of public property. If you total up all the destructions in the last 35 years due to bandhs and agitations you will find that this comes to an enormous figure. If we, sitting in Parliament and State legislatures, cannot protect our public property, we don't deserve to be in these Houses. So, I appeal to the Hon. Minister to apply his mind to see whether this legislation is sufficient; I am one of those who believe that this is not sufficient. But I would not like Dada ji, to shoot persons. You will have to apply your mind. Government is quite capable enough to take care of Government and public properties. I would like to know whether it is possible to treat all such people indulging in such activities as 'traitors' or 'Desh-ke-gaddar'. If it is done, I think, it will go a long way in protecting public property and in creating confidence among the people. Thank you.

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : समपति महोदय, इस विल को देखने के बाद ऐसा लगा कि सरकार को कुछ चिन्ता है, सरकारी सम्पति को कुछ समझने लगी है। इससे पहले जैसे हिन्दुस्तान में काम हो रहें हैं, उससे यह लगता है कि सरकार उस फारमूले से काम कर रही है कि जो चीज सारे समाज की हो, वह किसी की नहीं होती, कोई उसकी रक्षा को आगे नहीं आता। ऐसा लगता है कि सरकार इसी सिद्वान्त पर काम कर रही थी।

सवाल यह है कि कुछ चीजें बची हुई हैं, उनकी रक्षा का एक तरीका आपने अधिक दंड का प्रावधान कर के निकाला, में यह पूछना चाहता हूं कि जो लोग सार्वजनिक सम्पति को कमजोर कर रहे हैं, जबर्दस्ती नुकसान पहुंचा रहे हैं, बड़े-बड़े पदों पर बैठकर, उनको वारे में आपका क्या सवाल है ? खाली सरकारी सम्पति को कोई आग न लगाये, डैमेज न करें यही बात नहीं है कि पिछले वर्ष श्री नारायण दत्त तिवारी एक पुल का उद्धाटन करने हलद्वानी गये। उस पुल का उद्धाटन करने के 15 निद के बाद वह पुल मय एक ट्रक के नीचे चला गया। यह सरकारी सम्पति और पब्लिक की प्रापर्टी का नुकसान है या नहीं ? इसकी क्या जिम्मेदारी आपने निकाली है ?

इसके लिए आप दंड की क्या व्यवस्था कर रहे हैं ? कमजोर सड़कें और कमजोर विल्डिगें बना कर सरकारी मशीनरी द्वारा सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया जाता है। ऐसे और भी उदाहरण दिये जा सकते हैं।

सरकारी सम्पति को और तरीकों से भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में दीवानी और माल के मुकदमों में सरकारी स्टैंडिग कौंसल दूसरी पार्टी से मिल जाते हैं और सरकार मुकदमों में हार जाती है। इसकी रोक-थाम के लिए कोई अच्छा तरीका नहीं निकाला गया है। वे लोग क्रिमिनल केसिज में अपीयर ही नहीं होते देर कर देते हैं और अभियुकत छूट जाते हैं। नीचे के जजिज के लेवल पर बड़ी बड़ी सम्पतियों के मुकदमों चलते हैं, जिनमें सरकार इनवाल्ण्ड होती है। पैनल कौंसल गवर्नमेंट कौंसल और स्टैंडिग कौंसल की लापरवाही की बजह से सरकार की लाखों करोड़ों का सम्पति दूसरों का हाथ मे पहुंच जाती है। सरकार को इसके बारे में भी कुछ करना चाहिए था।

इनकम टैक्स और सेल्ज टैक्स का जो पैसा सरकार के पास आता है, वह भी सम्पति है। उसको भी आधे-आधे, फिफ्टी-फिफ्टी के बैसिस पर तय कर लिया जाता है और सरकार का नुकसान होता है।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad) : Sir, can he say all thess things ? Should he tell all these thing-only now or during the General Discuse sion on the Budget ?

श्री हरीश कुमार गंगवार : मैं यह कह रहा हूं कि सरकारी सम्पति वही नहीं है, जिसका इस बिल में जिक्र किया गया है। और भी सरकारी सम्पति है, जिसको लोग खा-पी रहे हैं, मगर सरकार का ध्यान उस तरफ नहीं है।

उस इंजीनियर को अपने क्या सजा दी, जिसने हल्दवानी में ऐसा पुल वनाया, जो मय ट्रक के गिर गया ? क्या वह सरकारी सम्पत्ति नहीं है ?

श्री एम. रामगोपाल रेडडी : क्या उन सब को इस बिल में लाया जाए ?

श्री हरीश कुमार गंगवार : हम तो आपको धन्यवाद दे रहे हैं कि सरकारी सम्पति क्या भी कुछ मूल्य होता है, यह आपने मान लिया। अब तक तो यह स्थिति रही है कि जो समाज की सम्पति है, वह किसीं की नहीं है. कोई उसकी रक्षा नहीं करता था। आपने कुछ किया है, तो धन्यवाद ही दूंगा।

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

गांव सभा, जिला परिषद्, म्यूनिसिपल बोर्ड और कार्पोरेशन आदि की सम्पति की रक्षा के लिए आपके यहां कोई निश्चित कानून नहीं है। जो चाहे गांव सभा की सम्पति पर मकान बना लेता है, म्यूनिसिपल बोर्ड और कार्पोरेशन की जमीन पर कब्जा कर के मकान और दुकान बना लेता है। मुकदमा दस-बारह साल तक चलता रहता है, मगर उसका कुछ बिगड़ता नहीं है। इसी तरह सीलिंग की सारी जमीन लोग हड़प गए हैं। यू०पी० में बड़े बड़े मगर-मछों की फाइलें ही गायब है। ये जमीनें हरिजनों को मिलनी चाहिए थीं।

गवर्नमेंट रोडवेज, डी०टी०सीसे० पुर्जे और पूरी बसें गायब कर दी जाती हैं। रेलवे का सामान रेल-कर्मचारियों से मिल दूसरे लोग ले लेते है। उस तरफ भी ध्यान देना चाहिए इसी तरह सरकार का कोयला और सीमेंट वगैरह भी गायब होता रहता है।

किसान सम्मेलन के लिए और रिजर्वेशन के खिलाफ जलसा-जुलूस कराने के लिए सरकारी बसें फ्री भेजी जाती हैं। वह भी सरकारी सम्पति का दुरुपयोग है। बंगाल में फारूक अब्दुल्ला गए वहां उनकी कार पर आपके वर्कर्स ने ईंट पत्थर फेंके लेकिन उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। दूसरी ओर यहां हरियाणा में कर्नल राम सिह गवर्नर की गर्दन पकड़ लेते हैं तो उसके बाद उनके खिलाफ वारन्ट निकलता है जब तक कि अपोजीशन में रहते हैं, लेकिन जब कांग्रेस में चले जाते हैं तो मिनिस्टर भी बन जाते हैं और मुकद्दमा भी खारिज हो जाता है। परन्तु बंगाल में प्रेजाइडिंग आफिसर को कांग्रेस (इ) विधायकों ने पकड़ लिया लेकिन कुछ भी नहीं किया गया।

आज सरकारी सम्पत्ति को बुरी तरह से नष्ट किया जा रहा है लेकिन आपने एक तरफ ही थोड़ा सा ध्यान दिया है। हमारा यह आक्षेप है कि पहले जब आपने डी०आई०आर०, सीमा और एन० एस०ए० बनाए तब आपने कहा कि इनका राजनीतिक रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाएगा लेकिन केरल में जब एन०जी० ओज और टीचर्स ने अपना बोनस लेने के लिए हड़ताल की तो इसी प्रकार के बिल के अन्तर्गत आपने उनको वहां पर अरेस्ट करके उन पर मुकद्दमे रजिस्टर कर लिए। हालांकि रिपोर्ट यह कह रही है कि वहां पर कुछ भी नहीं हुआ था लेकिन फिर भी वहां पर आपने उनके खिलाफ इसी प्रकार के कानून में केसेज दर्ज कर लिए। इस प्रकार से वहां आपने इससे पोलिटिकल फायदा उठाने की कोशिश की।

इस प्रकार मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारे यहां बरेली में सरकारी रूलिंग पार्टी के एक एम०एल०ए० हैं जो मिनिस्टर रह चुके हैं उनका लड़का ऐसा था जिसको डाकू नाम देने की जरूरत रह गई थी बाकी सारे दुर्गुण उसमें विद्यमान थे। उसको किसी ने मार दिया। उसके बाद तीन लड़कों पर मुकद्दमा कायम हो गया। डेढ़ साल के बाद उनकी जमानतें हुई लेकिन जिस दिन वे जेल से बाहर आए उनके अगले दिन ही एन०एस०ए० में उनको रख दिया गया क्योंकि उनमें एक लड़का सी० पी०एम० के वर्कर का लड़का था और मरने वाला कांग्रेस के भूतपूर्व मंत्री का लड़का था तो इस तरह से आप इन एक्ट्स

का दुरुपयोग करते हैं और आगे भी पार्टी पालिटिक्स में पड़कर इसका दुरुपयोग करेंगे यह हमारी आशंका है। इसीलिए हम अपना विरोध प्रदर्शित कर रहे हैं। वैसे आप भी यहां पर किसी के इशारे पर ही काम कर रहे हैं, आपका अपना तो कुछ है नहीं। हो सकता है कि आप उधर रहें ही न जबकि इस पर इम्प्लीमेंटेशन किया जाए उस वक्त आपके खिलाफ भी यह इस्तेमाल हो सकता है इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप इसको राजनीतिक रूप देने की कोशिश न करें। खास तौर से अभी जो आप सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करवा रहे हैं ठेके जारी करके इमारत, मशीन कारखानों के मामले में उनको आप ठीक करिए। भगवान आपको सद्बुद्धि दे और यह देश ठीक से चले—यही प्रार्थना करते हुए मैं समाप्त करता हूं।

PROF. SAIFUDDIN SOZ (Baramulla): Mr. Chairman, Sir, the Bill has been worded in such a manner that it appears that it is something that is necessary, but personally speaking, I feel that this Bill is in insult to injury, not because the Ordinance was promulgated in January when the Parliament itself was meeting in February, but because there was no need to have further law on the subject. Shri Shailani has already left; in his innocence perhaps he was thinking that his Government has found this as a panacea and a lasting solution to the problem relating to the Government property.

I want to pose a question to the Minister: is he sure that the Indian Penal Code does not propose punishments to the crime that take place in this country? Before the very nose of the people responsible for enforcing law and order in the capital of this great country, murders, rape and bride-burning take place. Robberies and dacoities are there, and the law is there. But the enforcement of law is missing.

I do not propose to deliver a long speech. Nor is there time for it. The present Chairman, particularly, will not allow me time. Secondly. Shri Parulekar has made very valid points. I would sincerely pleased with the Minister to take notice of them, and withdraw the Bill, put up courage, put an exhibition of the will and a solid determination that the law already available with them will be enforced.

I wish Mr. Reddy and Mr. Shailani were here. I would remind that even last time when Government presented two Bills, viz. the Punjab (Disturbed Areas) Bill and the Chandigarh (Disturbed Area) Bill, although we welcomed those suggestions, we had told you that not because of those Bills which would become law the next day you passed them—if there was a will, you could solve the problem.

Before the Punjab (Disturbed Areas) Bill was passed, before the Chandigarh (Disturbed Area) Bill was passed, you saw that happened in Punjab. Your Government controlled media would inform us every evening those days, before the Bills were passed, that in such and such a street or *mohalla* in Amritsar, Gurdaspur and Pathankot or anywhere else in Punjab, such and such persons, men and women were murdered by people who were not identified. And that situation has continued after you passed those two Bills.

It is only yesterday that a police constable was murdered; and an Inspector was also injured. But again the same phrase was repeated, viz. that the person who opened fire was not identified. It is actually a great insult to present a Bill without any necessity. If the Hon. Minister rises, he will have in his right hand the Indian Penal Code and he will tell us that the law is not there. Can any one of us believe that there is no law to check robbery, murder or bride-burning? But every kind of crime is going on, and still you bring a piece legislation. It will certainly become an Act after you pass it, because you are

[Prof. Aaifuddin Soz]

in a majority. But please take note of what Mr. Parulekar said a few minutes ago.

I want to say that in such cases, you should rise above party considerations and see whose workers caused damage to public property in West Bengal. I was present there when Dr. Farooq Abdullah was attacked by Congress workers. The West Bengal Government took penal action against those who assaulted Dr. Farooq Abdullah. The next day, there was a demonstration by Congress workers, and property worth crores was damaged. What happened in Jammu and Kashmir ? Your Congress resorted to violence and put Government offices on fire. They held a lot of public property to ransom and caused great damage to public property, to private property. It was your government who could take action. When you preach us these sermons, you must search your soul and bring for ward a Bill only when it is necessary. But meanwhile I request the Hon. Minister to kindly rise to the occasion, put up your courage and an exhibition of will that is required in the Bill.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH) : Mr. Chairman, I thank all the Hon. Members who have participated in the debate and also those hon. Members in whose speeches relevance was the first casualty. I would like to confine myself to the provisions of the Bill and various suggestions and criticisms that have been made by the hon. members who have participated in this debate.

The first criticism that has been made is why did the government resort to promulgation of an Ordinance and what was the urgency about it ? They said, promulgation of an Ordinance is a violation of the constitutional provisions. I may humbly inform the House that promulgation of an Ordinance is according to the Constitution; and we have come at the earliest moment before this August House to introduce a Bill in place of the Ordinance. They have also asked us what are the circumstances that have led to promulgation of such an Ordinance and bring forward such a type of Bill ? Everybody knows —I need not overemphasise the fact— that because of the various circumstances that have come up of late with regard to some agitation in Punjab and other parts of the country where public property is being attacked and damaged, the government thought that it is their bounden duty, moral duty and also the administrative duty to protect the property of the nation. Public property does not belong to any one individual; it belongs to the nation. So, I thought it will be in the fitness of the things if such Ordinance and Bill be brought before this House.

Some other doubt that has been raised is that what is the purpose of the Bill when there are enough provisions in the IPC with regard to damage to property. I have already said in my opening speed that a distinction has been made between a public property and a private property; and we have come forward with an idea that there a distinction should be made and more deterrent punishment should be given to such of those people who indulge in acts of arson, vandalism and also damage the public property. The existing provisions on mischief in IPC are inclusive of public property. In view of the fact that the agitators' wrath is concentrated on public property these days, it has been considered necessary to provide for stiffer punishment in respect of public property and that is why a distinction has been made.

Public property has been defined as property owned by either the Central Government or a State Government or a Local Authority or a Body Corporate of a Company in which the government has majority shares or any institution that may be notified for the purpose in which the government has made substan-

tial contribution. If the property is under the control or possessions of the government or any such body, it is again public property.

For damage to public property punishment is now enhanced. Ordinarily, punishment will be upto 5 years of imprisonment and fine and if the damage is to property of a specified kind like sewerage system, oil installations, public transport etc. there will be a minimum punishment of six months. If the damage is caused through fire or explosive, the minimum punishment will be one year and the maximum may be 10 years R.I.

These are the salient features, to make a distinction between public property. And, unfortunately some of the Opposition Members are obsessed with certain notions. Behind every measure that the Government brings in this House, they say, that there is a sinister motive or a political motive. I can assure the hon. Members of this House that there is no political motive behind this and I can assure some of our Members that it is not the intention of the Government to use this Bill to embarrass the Opposition parties or create problems for them.

Mr. Yadav also was telling about the Emergency, that during the Emergency his party was an elite one.

SHRI VIJAY KUMAR YADAV : That was a mistake on our part.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat) : That was the biggest mistake, and we do not mind admitting that also.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I am glad that they are accepting it. We take a their acceptance. (*Interruptions*)

But it does not lie for Mr. Yadav to talk about Emergency.

So, I only say, let us examine this purely on merits, whether this type of a bill is warranted under the circumstances. I only wanted to bring this to the notice of the hon. Members and some other Members who provoked me, that I should be courageous, rise above etc., etc. I have got enough courage, and I have spent my political life usefully, participated in several bundhs, and strikes, but not in violence and vandalism. Mr. Narsimha Reddy has clearly put it in its proper perspective. *Bandhs*, strikes, or protests are the legitimate duties of every individual in this country, more so of the political parties. Nobody under the Constitution and a Parliamentary democracy, nobody can object if peacefully a protest is made, if a procession is taken, if a *bandhs* is organised. It is the legitimate duty of a citizen of this country who should operate under the four corners of the Constitution. The difficulty comes in, when as I have said it in the objective, that it should not lead to unsocial or anti-social activities, vandalism, burning, destruction of public property etc. Only to stop this type of things, the Government has come forward with this type of a Bill.

Mr. Nair has spoken with regard to the forest wealth. wealth. Forest wealth, if it a Government forest, it is considered to be Government property. So technically it comes under the purview of this Bill.

Another point which the hon. Members are missing is in the various provisions of the Indian Penal Code it has been clearly defined, term 'mischief' and what punishment is given to such acts of offence and destruction of property. The Government has only now come forward to fix a minimum of imprisonment for a particular type of offence. It is made six months in one case and one year in another case. So, it is only fixation of a minimum of punishment. It has been clearly stated, that it is not only imprisonment, fine or both. So, there is no question of only awarding fine or imprisonment. So that point must be made clear.

SHRI N. K. SHEJWALKAR : What have you say about court ? Why do

you take away the power from the court ?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Power from the courts is not that all taken away.

SHRI N. K. SHEJWALKAR : You leave it to the judgment of the court.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : The Magistrate or the presiding Judge has got the discretion. He may not even award the minimum imprisonment, he can give specific reasons and also he may award an imprisonment of less than six months or one year. It is already there.

Mr. Daga is a person who is an authority on these Bills. He goes through them very carefully. He wanted very rigorous punishment to be given to the offenders. He want to the extent of saying that those persons who indulge in such things should be shot even before they are tried. Section 425 lays down that if one causes destruction of any property etc. with intention to cause loss, to public or a person, commits mischief. The loss, therefore, is by way of damage to property. He asked why these have been specified. These have been spacified beeause they are the essential services. It does not mean that others are being left out.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : Instead of specifying this, why not only say, if anybody commits on offence against public property, he shall be punished ? Where is the necessity of specifying this ? You are making a distinction. Kindly consider this.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I will again emphasise that this Act does not cover private property. For private property, under IPC the existing laws will apply. Here we are dealing with public property only. The court always has the discretion to fix up this type of imprisonment.

The other hon. Members have also spoken. Mr. Balanandan, my esteemed friend and a very respected Member of the CPM, stretched it too much. He was trying to make out a political case of this most innocent and simple legislation, which is being brought forward in the national interest.

Mr. Shastri and other Members have also participated. I congratulate Mr. Shastri for his oratory and eloquence in the speeches. But the points which he has made out are not relevent to the present Bill.

SHRI N. K. SHEJWALKAR : You have said in the clause 'oppose the application'. That opportunity is always there. Why are you putting it there. That means it is now mandatory to oppose even though there may not be a case.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : This is a point which has to be examined.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : According to you if the prosecution concedes, no bail shall be granted. If he says he does not oppose, therefore, no bail shall be granted.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : It is not like that.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : You do not mean that but your Section means that.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I would only appeal to the hon. Members that we have to give a fair trial to this Bill and it is with best of intentions that this Bill has been brought.

SHRI N. K. SHEJWALKAR : Court interprets in other way.....

(Interruptions)

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : Your good intentions are not reflected in the Bill.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I cannot crosswords with eminent lawyers. The whole difficulty is I am not a lawyer, I am only a man of common-sense.

Sir, Prof. Ranga has told me, of course in private, that it will apply to the joint stock companies.' I may inform Prof. Ragaji that such of these joint stock companies where the Government shareholding is more than 51 per cent, will also come under the purview of this Bill.

So, I once again thank all the hon. Members for their valuable suggestions and as I have said, let us all give a fair trial to this Bill. Let the Opposition give all their cooperation in putting down this sort of anti-social activity and vandalism and destruction to property. I hope I elicit their cooperation in implementing this Bill in its full spirit.

SHRI K. T. KOSALRAM (Tiruchendur) : Forest is a Government property. There is a separate Act which provides that private forests must also get the permission from the Government. I want to know whether this Act is applicable to the private forests also or not ?

MR. CHAIRMAN : Shri Satyanarayan Jatiya.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I request Shri Jatiya to withdraw the Resolution.

श्री सत्य नारायण जटिया : सभापति महोदय, मैंने इस अध्यादेश और विधेयक पर हुई चर्चा को सुना है। मंत्री महोदय ने इसके जो आशय और सिद्धांत बताए हैं, लेकिन इस विधेयक से इस तरह की भावना अभिप्रेत नहीं होती। अगर भावनाओं और आशय, सिद्धांतों और नीतियों से सारी बात हो जाती तो इस विधेयक को लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

आपने एक्सप्लेनेसन दिया है और अपनी बात की व्याख्या करने की कोशिश की है। किन्तु बहुत सारी बातें छूट गई हैं। 436 में बताया गया है कि इस तरह का नुकसान करने के लिए आजीवन कारावास की भी व्यवस्था है। आपने कहा है कि पंजाब की स्थिति को नियंत्रित करने में इससे मदद मिलेगी। मेरा मतलब यह है कि अगर यह कारगर होता है तो ठीक है लेकिन अगर कारगर नहीं होता है तब आप क्या करेंगे ?

(व्यवधान)

6 महीने की अवधि बिनियम हो सकती है, इसकी व्याख्या करने की भी कोशिश की है। फिर आपने न्यायाधीश पर छोड़ दिया है कि वह कम भी कर सकता है। इसका मतलब क्या है ? न्यायाधीश अपने विवेक के अनुसार कानून का पालन करवाता है। जब सारा प्रावधान है तो फिर विधेयक की क्या आवश्यकता थी ? अध्यादेश की क्या आवश्यकता थी ?

आपने कहा है कि इसके माध्यम से एन्टी सोशल एक्टीविटीज से सरकारी संपत्ति के नुकसान को रोका जाएगा। यह

[श्री सत्यनारायण जटिया]

कानून इसके लिए सक्षम नहीं है। एक असक्षम कानून से आप कैसे काम कर पायेंगे इसलिए मेरा कहना है कि यह कानून अधूरा है। इस पर पूरे तरीके से विचार किया जाए और इसको सलेक्ट कमेटी को भेज दिया जाए। जब इस पर अच्छी तरह से विचार करके इसको लाया जागगा तब उद्देश्य की पूर्ति होगी।

18.00 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

इसको अच्छी तरह से विचार करके लायेंगे तो आपके उद्देश्य की पूर्ति हो जायेगी। यह आशंका व्यक्त की गई कि श्रमिक गतिविधियों को इस कानून से प्रतिबंधित करने के लिए इसको लाया गया है। अगर यह कि विपक्षी दलों को सामने रखकर यह लाया गया है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि इस प्रकार के कानूनों का दुरुपयोग ही हुआ है। आप इसको निर्मूल नहीं कर पाते। यहां कहने और करने में काफी अन्तर है। आज राजीतिक चरित्र का यह दोष है। आप के ऊपर मंत्री पद का दायित्व भी है इसलिए इस प्रकार की बातों को कहना होता है। यह अध्यादेश उपयुक्त नहीं होगा। मैं इसका विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. DEPUTY SPEAKER : I will now put the Statutory Resolution to the vote of the House. The question is :

"This House disapproves of the Prevention of Damage to Public Property Ordinance, 1984 (Ordinance No. 3 of 1984) promulgated by the President on the 28th January, 1984."

The motion was negatived.

MR. DEPUTY SPEAKER : The question is :

"That the Bill to provide for prevention of damage to public property and for matters connected therewith, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY SPEAKER : We will now take up clause by clause consideration. The question is :

"That clause 2 to 7 stand part of the Bill"

The motion was adopted.

Clause 2 to 7 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : I beg to move :

"That the Bill be passed"

MR. DEPUTY SPEAKER ; The question is ;

"That the Bill be passed"

The motion was adopted.